# विवरणिका




## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय

### बाबैन, खण्ड बाबैन जिला कुरूक्षेत्र

डॉ. सचिन्द्र कौड़ा, प्रधानाचार्य

Contact : 01744-280903, 94660-46233 | E-mail : gsssbabain2392@gmail.com

# प्राचार्य संदेश



डॉ. सचिन्द्र कौड़ा

स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, शिक्षित भारत, समृद्ध भारत एवं सशक्त भारत की संकल्पना को विकसित करने के लिए मेरा विद्यालय सर्वदा प्रयासरत रहेगा। संकल्पना को पूर्ण करने के लिए विद्यार्थियों को स्वस्थ रखने के लिए सर्वप्रथम विद्यार्थियों में अपने घर, विद्यालयों एवं आस–पास के वातावरण को स्वच्छ बनाने की प्रेरणा दी जाती है। गत वर्ष इस उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु प्रत्येक विद्यार्थी ने एक पौधा लगाकर पर्यावरण सरंक्षण एवं स्वच्छ भारत निर्माण में अपना योगदान दिया। मेरे विद्यालय के दूसरे लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम सिखाने के लिए भारत स्वाभिमान व एन.एस.एस के विद्यार्थियों के सहयोग से विभिन्न कैम्प का आयोजन किया गया इसके अतिरिक्त अनुशासन व कर्त्तव्य–परायणता विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को NCC, पुलिस कैडेट कोर भाईचारे की भावना को विकसित करने के लिए Scouts & Guide की स्थापना की गई है।

मेरे विद्यालय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए साईंस क्लब, भाषा कौशल विकास हेतु संस्कृत वदतु क्लब व पर्यावरण चेतना लाने के लिए इको क्लब स्थापित है। सुयोग्य शिक्षक वृन्द विद्यार्थियों का र्स्वागीण विकास में हमेशा तत्पर रहते है विद्यार्थियों करने के लिए NSQF के अन्तर्गत सूचना प्रोद्यौगिकी व बैंकिंग व वित्त सम्बन्धी शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय की शिक्षा दी जाती है। विद्यार्थी यहां से शिक्षत होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनते हैं जिससे विद्यार्थी अपने आंतरिक गुणों के विकास के लिए चार सदनों में बांटे जाते हैं ताकि उनमें अभिव्यक्ति, नेतृत्व के गुण, भाईचारा, सहिष्णुता, दया, ईमानदारी, अनुशासन व बड़ों के प्रति आदरभाव व छोटों के प्रति स्नेह विकसित हो। इन गुणों के कारण ही सशक्त एवं समृद्ध भारत का निर्माण होता है।

मेरे विद्यालय के विद्यार्थी अपने को किसी से कमत्तर न आंके, इसलिए उन्हें उत्कृष्ट वर्दी, पहचान–पत्र, पुस्तकालय सुविधा, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाने के अवसर दिए जाते हैं। इस वर्ष यह भी प्रयास किया जा रहा है कि विद्यार्थियों की सृजनशीलता को विकसित करने के लिए व अपने भावों को प्रकट करने के लिए लेखन की दक्षता पर अधिक बल दिया जाए व उनके प्रयासों को एक पत्रिका का भी रूप दिया जाए।

इस कार्य में मेरे सभी साथी अपने विद्यार्थियों को योगीराज श्रीकृष्ण की तरह अपने प्रिय शिष्य अर्जुन के जैसे तैयार करने में अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास कि मेरे विद्यालय के विद्यार्थी कर्त्तव्य–परायण व आज्ञाकारी बनकर अपने परिवार व देश के सर्वोत्तम नागरिक बनेंगे व देश को समृद्ध बनाने में अपना योगदान देंगे।








# संदेश



अत्यंत हर्ष का विषय है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन आपके क्षेत्र में हरियाणा सरकार की शैक्षिक नीतियों को लागू करने वाले मॉडल विद्यालय के रूप में चयनित किया है और यहां सभी संकायों व विभाग की सभी योजनाओं को पूर्णतः लागू किया जाएगा। आपके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। इस विद्यालय को मैं एवं मेरा विभाग एक मॉडल के रूप में विकसित कर रहा है। अतः आप ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को विद्यालय में भेजकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ करें, ऐसी मैं आपसे अपेक्षा करता हूँ।

**श्री अनिल यादव**
**सब–डिवीजनल मजिस्ट्रेट**
**लाडवा**

# संदेश



अत्यंत हर्ष का विषय है कि ग्रामीण आंचल में स्थित बाबैन का सरकारी स्कूल इतनी उपलब्धियों के साथ हरियाणा में रेखांकित किया जाएगा, इसका श्रेय समस्त स्टॉफ एवं होनहार विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके अभिभावकों को भी जाता है। मुझे बड़ी खुशी है कि इस स्कूल के छात्र–छात्राएं खण्ड, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं। शिक्षक के ऊपर नवीन भारत के निर्माण की जिम्मेदारी होती है जिसे बाबैन के अध्यापकगण बखूबी निभा रहे हैं। मैं अपेक्षा करता हूं कि भविष्य में भी यहां के छात्र ऐसे ही विद्यालय के साथ अपने प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।

**श्री अरुण आश्री**
**जिला शिक्षा अधिकारी,**
**कुरुक्षेत्र**

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन का इतिहास

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन सन् 1960 से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएँ दे रहा है। इससे पहले 1956 से 1959 तक पण्डित सरदा राम सरपंच ने ग्राम पंचायत बाबैन एवम् गाँवों के गणमान्य लोगों के सहयोग से लगातार तीन वर्ष तक निजी खर्च पर चलाया बाद में सन् 1960 में हरियाणा शिक्षा विभाग ने इसे अपने हाथों में ले लिया। वर्तमान में विद्यालय की उपलब्धियों ने विद्यालय को क्षेत्र का अग्रणी विद्यालय बनाया है।



**विद्यालय की मेधावी छात्रा रजनी शर्मा ने कला उत्सव में प्रतिभागी के तौर पर राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कला प्रतियोगिता में भाग लिया। हमारे छात्रों ने अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में गीता प्रश्नोत्तरी में राज्य स्तर पर प्रतिभागिता की व जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आठवीं की दो छात्राओं ने एन.एन.एम.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के शिक्षकों को गणतंत्र दिवस पर पूर्व विधायक द्वारा सम्मानित किया गया व उपमण्डल स्तर पर उपमण्डल अधिकारी श्री अनिल यादव ने कम्प्यूटर टीचर पूनम को विशेष रूप से पुरस्कृत किया।**

**विद्यालय में मेडिकल, नॉन–मेडिकल, कॉमर्स एवं कला चारों संकाय है। नवम् कक्षा में छात्रों को दक्ष बनाने व अपनी रूचि अनुसार विषय चुनने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग एवं वित्त जैसे नए विषय उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त रूचियों को महत्व देने के लिए संस्कृत, पंजाबी, ललित कला, संगीत, शारीरिक शिक्षा आदि विषय भी छात्र ले सकते हैं।**







## विद्यालय के मेधावी छात्र–छात्राएँ जिन पर हमें गर्व है।

### कक्षा : 10वीं

| नाम | प्राप्तांक |
|---|---|
| मलकीत कौर सुपुत्री श्री जसपाल | 422/600 |
| प्रतीक सैनी सुपुत्र श्री सलिन्द्र | 401/600 |
| प्रियंका सुपुत्री श्री सुभाषचंद | 389/600 |
| रिंकू सुपुत्र श्री जोगिन्द्र सिंह | 376/600 |
| अंजलि सुपुत्री श्री सुनील कुमार | 373/600 |

हमारे 42 विद्यार्थी 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे

### कक्षा : 12वीं

| नाम | प्राप्तांक |
|---|---|
| नीरू सुपुत्री श्री करनैल सिंह | 444/500 |
| सिमरन सुपुत्री श्री अशोक | 434/500 |
| नेहा सुपुत्री श्री रामकुमार | 415/500 |
| साहिल सुपुत्र श्री रामपाल | 415/500 |
| रजनी सुपुत्री श्री महेन्द्र | 411/500 |
| सिमरन सुपुत्री रामेश्वर | 411/500 |

हमारे 61 विद्यार्थी 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे

## Government Senior Secondary School Babain (2392)

### Subject Combination

| Class | Subject1 | Subject2 | Subject 3 | Subject 4 | Subject 5 | Optional |
|---|---|---|---|---|---|---|
| IX A | English | Social Science | Maths | Science | Hindi | Sanskrit/Punjabi/IT |
| IX B | English | Social Science | Maths | Science | Hindi | IT/Banking |
| IX C | English | Social Science | Maths | Science | Hindi | Physical Edu./Fine Arts/Banking |
| X A | English | Social Science | Maths | Science | Hindi | Sanskrit/Punjabi/IT |
| X B | English | Social Science | Maths | Science | Hindi | IT/Banking |
| X C | English | Social Science | Maths | Science | Hindi | Physical Edu./Fine Arts/Banking |
| XI A (Science) | Chemistry | English | Physics | Maths/Bio | Hindi/IT/Banking/ Computer Science/Sanskrit | |
| XII A (Science) | Physics | Maths/Bio | Chemistry | English | Hindi/IT/Banking/Computer Science/Sanskrit | |
| XI (Commerce) | Business | Accounts | English | Maths/Economics | Hindi/OSS H/OSSE, IT/ Banking/Skt | |
| XII (Commerce) | Business | Maths/ Economics | English | Accounts | Hindi/OSS H/OSSE, IT/ Banking/Skt | |
| XI C (Arts) | English | Hindi | Psychology/ Music/IT | Sociology/OSS E | History/Punjabi | |
| XI D (Arts) | English | Hindi | Psychology/Fine Art/Banking & Finance | Pol.Science/Pbi | Maths/Economics/ OSSH | |
| XI E (Arts) | English | Hindi | History | Pol.Science/Sociology | Sanskrit/Physical Edu./ Fine Arts | |
| XII C (Arts) | English | Hindi | Psychology/ Music/IT | Sociology/OSS E | History/Punjabi | |
| XII D (Arts) | English | Hindi | Psychology/Fine Art/Banking & Finance/IT | Political Science/Punjabi | Maths/Economics/ OSSH | |







# Rates of Various Stipend Scheme (1st-12th)

| | SC One Time | | SC Monthly | | BC Monthly | | BPL Monthly | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Class | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls |
| 1 | 740 | 740 | 150 | 225 | 75 | 150 | 75 | 150 |
| 2 | 750 | 750 | 150 | 225 | 75 | 150 | 75 | 150 |
| 3 | 960 | 960 | 150 | 225 | 75 | 150 | 75 | 150 |
| 4 | 970 | 970 | 150 | 225 | 75 | 150 | 75 | 150 |
| 5 | 980 | 980 | 150 | 225 | 75 | 150 | 75 | 150 |
| 6 | 1250 | 1250 | 200 | 300 | 100 | 200 | 100 | 200 |
| 7 | 1250 | 1250 | 200 | 300 | 100 | 200 | 100 | 200 |
| 8 | 1250 | 1250 | 200 | 300 | 100 | 200 | 100 | 200 |
| 9 | 1450 | 1450 | 250 | 400 | 150 | 300 | 150 | 300 |
| 10 | 1450 | 1450 | 250 | 400 | 150 | 300 | 150 | 300 |
| 11 (Arts & Comm.) | 1450 | 1450 | 250 | 400 | 150 | 300 | 150 | 300 |
| 11 (Science) | 1450 | 1450 | 400 | 600 | 200 | 400 | 200 | 400 |
| 12 (Arts & Comm.) | 1450 | 1450 | 250 | 400 | 150 | 300 | 150 | 300 |
| 12 (Science) | 1450 | 1450 | 400 | 600 | 200 | 400 | 200 | 400 |

## उच्च अधिकारियों / प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा विद्यालय का भ्रमणः–

समय–समय पर विद्यालय में प्रतिष्ठित हस्तियाँ आकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती हैं व उनका ज्ञानवर्द्धन करती है। सत्र 2019–20 में भी कई सम्मानित व आदरणीय व्यक्ति हमारे विद्यालय में आए। जिनमें श्री विवेक अत्रेय सेवानिवृत्त उपायुक्त इस विद्यालय में आए और उन्होनें विद्यार्थियों को प्रोत्साहन भाषण (Motivational Lecture) दिया। उन्हें जीवन में परिश्रम करने व प्रसन्न रहने का मंत्र दिया।




इसी सत्र में श्रीमती कविता कम्बोज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने भी विद्यालय में आकर छात्र–छात्राओं को कानूनी साक्षरता का ज्ञान दिया व उन्हें जागरुक नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

रोल मॉडल के रुप में श्रीमती शकुन्तला शर्मा ने छात्राओं को शिक्षा का महत्व समझाया व उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

समय–समय पर लाडवा खण्ड के उपमण्डल अधिकारी श्री अनिल यादव ने विद्यालय में आकर छात्र–छात्राओं को कठिन परिश्रम से परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए प्रेरित किया व अध्यापकों का भी मार्गदर्शन किया।

भारतीय प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षक श्री सत्य राज (तमिलनाडु) व अभिषेक गर्ग (राजस्थान) विद्यालय के औचक







निरीक्षण पर आए व यहाँ विद्यालय में छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं व जुझारु अध्यापकों को देखकर बहुत प्रसन्न हुए।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरूण आश्री शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी समय–समय पर विद्यालय में आकर छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं एवं अध्यापकों का मार्गदर्शन करते है। शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त–निदेशक श्रीमती किरण मैयी ने अपने निरीक्षण के समय विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति के अनुसार चलने का आह्वान किया व भारत को विश्वगुरू बनाने के स्वामी विवेकानंद जी के सपने को साकार करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

उप–जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलजीत मलिक ने विद्यालय भ्रमण के दौरान विद्यालय के अनुशासन एवं अध्यापकों की कर्मनिष्ठा की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि बाबैन के इस विद्यालय पर पूरा भारतवर्ष गर्व करता है। जिला परियोजना संयोजक श्री राम दिया गागट ने भ्रमण के दौरान विद्यालय की बड़ी सराहना की। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री रणबीर सिंह ने भी विद्यालय में गाई गई प्रार्थना जिसने सोशल मीडिया पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है, की बड़ी प्रंशसा की। पढ़ाई में कमजोर बच्चों के स्तर को सुधारने हेतु विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाता है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन में सरकार द्वारा स्थापित छात्र–छात्राओं को शिक्षित करने की दिशा में सराहनीय कदम हैं, जिससे बाबैन गांव और आस–पास के गांव के सारे लड़के और लड़कियां शिक्षा ग्रहण कर पाते हैं। कक्षा छठी से अंग्रेजी माध्यम लेने की सुविधा है।

## स्कूल की विशेषताएंः

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन शिक्षा की दिशा में लगातार उन्नति कर रहा है। क्योंकि स्कूल में निम्नलिखित सुविधाएं है जिससे छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो पाता है–

1. **स्वास्थ्य जाँचः**– स्कूल में छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य चैक–अप करवाया जाता है जो छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य चैक करते है। छात्रों को महीने में चार बार आयरन और फॉलिक एसिड की गोली खिलाई जाती है। साल में दो बार पेट के कीड़े मारने वाली गोली भी खिलाई जाती है।

2. **योग कक्षः**– स्कूल में प्रातःकालीन सभा में छात्रों को योग का भी प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे छात्र–छात्राओं का मानसिक शारीरिक विकास होता है। योग से उनका ध्यान केंद्रित होता है तथा छात्र–छात्राओं में अनुशासित जीवन शैली विकसित होती है।

3. **इको–क्लबः**–छात्र–छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरुकता व उसको सरंक्षित रखने के लिए इको–क्लब का गठन किया गया है, जिसके तहत समय–समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। पौधारोपण, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वृक्षारोपण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक बच्चे से पौधारोपण करवाया जाता है।

**अनमोल विचार**

मानवता की प्रगति के सफर में व्यक्तिगत प्रयास की भूमिका सामूहिक प्रयास से हमेशा ज्यादा रही है।
किसी भी उपलब्धि की बड़ी सीढ़ी दृढ़ इच्छाशक्ति होती है।








**4. बालिका मंच–** इस मंच का मुख्य उद्देश्य किशोरवस्था प्राप्त छात्राओं की समस्याओं को दूर करना है खुले मन से अपनी समस्याओं को रख पाती हैं व स्कूल प्रबंधन समिति तुरन्त उनकी समस्याओं को दूर करने में मदद करती है। समय–समय पर स्कूल में बालिका मंच पर रोल मॉडल को भी बुलाया जाता है। जो छात्राओं को, अपने जीवन में कैसे आगे बढ़ना है? और अपने जीवन में सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

**5. विज्ञान क्लब–** इसके तहत छात्र–छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित किया जाता है। जिसके अन्तर्गत विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता स्कूल, खण्ड व राज्य स्तर पर करवाई जाती है। जिसमें भाग लेने के लिए सभी छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाता है और इन प्रतियोगिताओं में हमारे स्कूल के बच्चे ने खण्ड स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

**6. कानूनी साक्षरता क्लबः–** इस क्लब के अन्तर्गत छात्र–छात्राओं को समाज में फैली हुई कुरीतियों से बचाने व कानून द्वारा मिलने वाली सहायता की जानकारी दी जाती है। जिला कानूनी प्राधिकरण द्वारा स्कूल स्तर, ब्लाक स्तर पर प्रतियोगिताएं करवाई जाती है कि छात्र–छात्राओं को कानून की जानकारी देने के साथ–2 छात्र–छात्राओं को वोट के महत्व के बारे में भी जागरुक किया जाता है और इस प्रकार छात्र–छात्राओं को अपने अधिकारों का भी ज्ञान प्राप्त होता है।

**7. खेल एवं सांस्कृतिकः–** छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर छात्र–छात्राओं को खेल प्रशिक्षण के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जाते हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन में कबड्डी और खो–खो की दो नर्सरियां चल रही हैं। इन नर्सरियों में लगभग 50 लड़कियों हर रोज सुबह–शाम खेलने के लिए आती हैं और नौ लड़कियों को हरियाणा सरकार की तरफ से 30–30 हजार रुपये पुरस्कार मिला है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी हमारे स्कूल की छात्र अक्षय व रजनी ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान और रजनी को राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

**8. दोपहर के भोजन की व्यवस्थाः–** सरकार ने कक्षा 1–8 तक के विद्यार्थियों को कुपोषण से बचाने के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की हुई है। जिसके अन्तर्गत बच्चों को उनकी बढ़ती आयु के अनुसार विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन खिलाए जाते है। उनके भोजन में प्रोटीन और विटामिनों की मात्रा अधिक होती है। भोजन खाने से पहले सभी बच्चों के हाथ साबुन से साफ करवाएं जाते हैं और फिर बच्चों को टाट पर लाईनों में बिठा कर दोपहर का भोजन करवाया जाता है। सरकार ने कक्षा 1–8 तक के विद्यार्थियों के लिए सुबह के दूध की भी योजना लागू की है। जिससे बच्चों में कैल्शियम और प्रोटीन की कमी दूर होती है।

**9. सड़क सुरक्षा–** स्कूल में सभी विद्यार्थियों को यातायात के नियमों से परिचित करवाने के लिए **सड़क सुरक्षा सप्ताह** मनाया जाता है। जिससे बच्चों को सभी यातायात के नियमों का पता चले और वे सड़क पर होने वाली किसी भी दुर्घटना से बच सकें और उनमें एक अच्छे नागरिक के गुण विकसित हों। सड़क से सम्बन्धित प्रतियोगिता भी समय–समय पर करवाई जाती है। साल में एक बार सड़क सुरक्षा के नियमों पर एक पेपर भी लिया जाता है।

**10. जनरेटर की सुविधा–** छात्र–छात्राओं को बिजली की समस्या से निदान के लिए व छात्र–छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा, एजुसेट व स्कूल में लगे कैमरों को सुचारु रुप से चलाने के लिए जनरेटर का भी प्रबन्ध है।









**11. पुस्तकालयः** विद्यालय में बहुत सारी ज्ञानवर्धक पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय भी है। जिसमें सुनियोजित ढंग से छात्र–छात्राओं के बैठने की व्यवस्था है। विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत को विकसित करने के लिए पुस्तकालय में विद्यार्थियों के सभी विषयों की लगभग 3500 पुस्तक है। पुस्तकालय मे प्रोजेक्ट भी उपलब्ध है। जिस पर विद्यार्थियों को हर विषय की जानकारी प्राप्त हो सकती है। पुस्तकालय में विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं व अखबारों को पढ़कर विद्यार्थी अपना बौद्धिक विकास करते है।

**12. एजुसेटः** स्कूल में एजुसैट की व्यवस्था है। शिक्षा–निदेशालय से सभी विषयों के कुशल अध्यापक व प्राध्यापकों द्वारा सभी विषयों से संबंधित व्याख्यान दिए जाते हैं। जिनका सीधा प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया जाता है।

**13. कम्प्यूटरः** सरकार ने सरकारी स्कूलों में बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा में प्रशिक्षित करवाने के उददे्श्य से कम्प्यूटर लैबों को खोला है। हमारे स्कूल में दो कम्प्यूटर लैब हैं। जिसमें 22 कम्प्यूटर है। स्कूल के हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर की शिक्षा दी जाती है। कम्प्यूटर पर विद्यार्थी इंटरनेट की सहायता से अपनी कक्षा की पढाई से संबधित जानकारी प्राप्त करते हैं। स्कूल में इंटरनेट की भी सुविधा उपलब्ध है। स्मार्ट क्लास के अन्तर्गत प्रोजेक्ट भी उपलब्ध हैं।

**14. सदन व्यवस्थाः**–स्कूल में सदन व्यवस्था को लागू किया हुआ है। इसमें चार सदन है अर्जुन, भीम, मीराबाई, और सरस्वती सदन सुचारु रुप से कार्य कर रहे हैं। जिसके फलस्वरुप छात्र–छात्राओं में लीडरशिप के गुणों को विकसित किया जाता है व उनमें छिपी प्रतिभाओं को उभारा जाता है। सदन के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

**15. शैक्षणिक भ्रमणः** स्कूल के छात्र–छात्राओं को समय–समय पर शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता जाता है जिससे विद्यार्थियों के मनोरंजन के साथ सामान्य ज्ञान में भी वृद्धि होती है। हमारी शिक्षा, संस्कृति व जीवन–दर्शन में धार्मिक, ऐतिहासिक व प्राकृतिक स्थानों का विशेष महत्व रहा है। वर्ष 2019 में विद्यालय के 600 छात्र–छात्राएं गीता महोत्सव भ्रमण के लिए गए। इसके अतिरिक्त स्काऊट एण्ड गाइड के 36 विद्यार्थी गदपुरी पलवल, फरीदाबाद में गए तथा हरिद्वार व केरल का भी भ्रमण किया।

**16. दक्षता व कौशल विकासः–** दक्षता एवं कौशल विकास को विकसित करने के लिए और NSQF को लागू किया गया है जिसमें छात्र–छात्राओं को उनकी दक्षता के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाता है। चार वर्ष होने के उपरांत छात्रों को रोजगार के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध होते रहते हैं। छात्रों के कौशल का विकास करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदम :–

1. 9वीं कक्षा के बच्चों का कौशल विकास में नाम दर्ज करवाना
2. कक्षा 12 में छात्रों को उपरोक्त विषयों में निपुणता प्रमाण पत्र प्रदान करना।
3. बाहर से आए अनुभवी (Guest Faculty) द्वारा लैक्चर करवाना।
4. बच्चों को वर्ष में 2 बार स्किल विषय सम्बन्धित संस्थानो को visit करवाना
5. बच्चों को विषय से सम्बन्धित पुस्तकें मुफ्त उपलब्ध करवाना।
6. 12वीं के बाद Placement








**17. सतत्–व्यापक मूल्यांकनः**–विद्यार्थियों में परीक्षाओं का भय समाप्त करने तथा उनके मानसिक स्तर के अनुसार सिखाने के लिए सतत्–व्यापक–मूल्यांकन की व्यवस्था है। समय–समय पर प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' और भयमुक्त परीक्षा पर बातचीत भी बच्चों को सुनाई जाती है। अनेक गतिविधियों के माध्यम से अधिगम (सीखने की प्रक्रिया) को और–अधिक रोचक बनाया जाता है।

**18. सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकासः**–स्कूल के प्रत्येक विद्यार्थी का व्यक्तित्व व उसकी अन्तर्निहित शक्तियों का विकास हो सके इसके लिए हम उनकी शारीरिक, मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक प्रगति पर समान रुप से गहरी सोच रखते हैं।

**19. दिव्यांग बच्चों के लिएः**–इस विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए संसाधन कक्ष का प्रावधान है। जिसमें खण्ड स्तर पर सभी दिव्यांग छात्रों के लिए मौजूदा समय में दो विशेष अध्यापक कार्यरत हैं जोकि समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा में शामिल किया जाता है तथा इनका मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों का शैक्षणिक, मानसिक, सामाजिक, संवेदनात्मक विकास करके उनको आर्थिक रुप से मजबूत करना है, ताकि वे भी समाज में अच्छी प्रकार से समायोजन कर सकें।

विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए वर्ष भर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं जिसमें इनके चिकित्सीय जांच शिविर, भ्रमण शिविर, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, व व्यावसायिक प्रशिक्षण शिविर आदि का आयोजन शामिल हैं। इनके अभिभावकों को शिविर के माध्यम से जागरुक किया जाता है। संसाधन की सभी गतिविधियों में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्रों का पूर्ण सहयोग रहता है। दिव्यांग बच्चों ने जिला स्तर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने में स्कूल के प्रधानाचार्य का विशेष फोकस रहता है।

## 20- Student Police Cadet Core

SPCC- परियोजना का संचालन (NCC) के आधार पर हमारे गृह मंत्री श्री राजनाथ जी के द्वारा गुरुग्राम में 21 जुलाई 2019 को हरी झण्डी दी। यह परियोजना हमारे विद्यालय में सफल रुप से संचालित हो रही है। जिससे कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं के छात्र–छात्राओं को चुना जाता है। साथ–साथ स्थानीय प्रशासन के काम–काज के बारे में भी जानकारी दी जाती है विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान पुलिस ट्रेनिंग सेन्टर तथा मेलों में व धार्मिक स्थलों पर भ्रमण के साथ–साथ ड्यूटी भी लगाई जाती है और वे अनुशासन व कानून व्यवस्था के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान कर सकते हैं।

**21- NCC ARMY Wing** & विद्यालय में NCC 1988 से NCC अधिकारी श्री मलकीत सिंह की देखरेख में चल रहा है। इसमें 50 छात्र–छात्राएं दोनों NCC के कैडेट हैं। इसके साथ भारतीय शस्त्र सेनाओं के लिए योग्य अधिकारी व सैनिक प्रदान करने में अहम भूमिका निभाता है। 21 June को योग दिवस पर 50 कैडेटों ने विश्व योग दिवस में बढ़–चढ़कर भाग लिया।

**22. राष्ट्रीय सेवा योजनाः**– NSS इसमें 11वीं कक्षा के छात्र–छात्राओं को दाखिल किया जाता है। यह दो







वर्षीय कोर्स होता है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ–2 राष्ट्रीय सेवा से जुड़ जाता है। इससे 100 छात्र–छात्राओं की एक यूनिट होती है। NSS की स्थापना 1969 में हुई थी। इसमें छात्र–छात्राओं का सर्वांगीण विकास व व्यक्तित्व पर जोर देते हैं। भारत सरकार द्वारा दो वर्ष के बाद सात दिवसीय कैम्प के आयोजन के बाद प्रमाण–पत्र दिया जाता है। विद्यार्थी विद्यालय की सभी गतिविधियों में भाग लेते हैं व सरकार की नवीन योजनाओं की जानकारी गांव–शहर में जाकर लोगों को अवगत करवाते हैं जिससे समाज में उनका संपर्क बढ़ता है और सामाजिक स्तर पर उन्हें छोटी/बड़ी समस्याओं/आपदाओं के कारण/निदान के बारे में पता चलता है।

**निम्न कारणों से छात्र एवं छात्राओं को निकाला जा सकता है:–**

1. यदि कोई बच्चा विद्यालय के नियमों का उल्लंघन करता है।
2. बिना पूर्व अनुमति के यदि कोई छात्र लगातार 10 दिन से अधिक विद्यालय से अनुपस्थित रहता है।
3. यदि किसी छात्र/छात्रा ने अनुशासनहीनता की है, उसका विद्यालय में बने रहना विद्यालय के हित में नही हैं।

**उपलब्धियां–**

**स्वच्छता पुरस्कारः–** जिला स्तर पर सब कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार व प्रशंसा पत्र

2. खण्ड व जिला स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान
3. खेलों में और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान
4. विज्ञान प्रदर्शन में खण्ड व जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान

**अभिभावकों से अनुरोध–**

1. अभिभावकों से अनुरोध है कि जब भी स्कूल में PTM हो उसमें अवश्य आयें।
2. बच्चों को हर रोज स्कूल में भेजें और उनक होमवर्क भी चैक करें।
3. बच्चों को स्कूल यूनिफार्म में भेजें।
4. परिक्षाओं के समय किसी भी विद्यार्थी को घर पर ना रखें।
5. समय–समय पर स्कूल में आकर अपने बच्चे की पढ़ाई के बारे में पता करते रहें।

## प्रवेश

विद्यालय में कक्षा से 1 से 12 कक्षा तक से प्रवेश प्रारम्भ है। प्रवेश के लिए निम्न प्रमाण पत्र चाहिए ।

1. जन्म प्रमाण पत्र
2. विद्यार्थी और माता–पिता का आधार कार्ड
3. विद्यालय त्याग–प्रमाण पत्र (SLC)
4. विद्यार्थी की दो फोटो
5. अनुसुचित जाति, पिछड़ी जाति व BPL प्रमाण पत्र
6. बैंक खाता न.








| Name of Club | Students | Officers |
|---|---|---|
| ECO | 50 | Richa Sharma |
| NSS | 100 | Satish Kumar / Naresh Kumar |
| NCC | 50 | Malkeet |
| ECC | 50 | Rajbir |
| Scout & Guide | 50 | Om Parkash |
| Science | 50 | Ritu Tyagi |
| Sports | 100 | Manoj Kumar |
| Sanskrit Vadtu | 150 | Satish Kumar/Satish Shastri |
| Fine Arts | 50 | Rajwinder Kaur / Harjeet |
| English Speaking | 200 | Nisha / Rekha Rani / Seema Sharma |
| Punjabi | 100 | Dayawanti (Usha Rani) |
| Social Science | 200 | Jagjeet Sandhu / Rajesh Kumar / Meenal |
| Maths | 100 | Mahesh Kumar / Rekha Chhabra |
| Cultural | 100 | Baru Ram / Kapil / Hament |
| Computer | 100 | Damini / Poonam |

शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा बाबैन के विद्यालय को 'खेल विद्यालय' घोषित किया गया है।

## विद्यालय की अन्य गतिविधियाँ










## School Education Committee

| S.No. | Name | Designation | Mobile No. |
|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Balwinder Singh | President | 98969-92296 |
| 2. | Sh. Sukhdev | Member | 80531-64992 |
| 3. | Smt. Gurpreet Kaur | Member | 9728476606 |
| 4. | Smt. Shahnaz | Member | 98139-17896 |
| 5. | Smt. Jaswinder Kaur | Member | 82955-76018 |
| 6. | Sh. Shahjad | Member | 87087-92632 |
| 7. | Smt. Usha Rani | Member | 80590-71553 |
| 8. | Smt. Ruksana | Member | 83988-10652 |
| 9. | Sh. Deepak | Member | 86859-24235 |
| 10. | Smt. Sunita Devi | Member | 98137-84733 |
| 11. | Sh. Suresh Kumar | Member | 74190-38211 |
| 12. | Smt. Kulwinder Kaur | Member | 98137-60304 |
| 13. | Smt. Balwinder Kaur | Member | 98138-02410 |
| 14. | Sh. Deshraj | Member | 99912-98891 |
| 15. | Smt. Sushma | Member | 90501-86712 |
| 16. | Smt. Usha Rani | Member | 83968-66515 |
| 17. | Smt. Neeru Mehla | Educationist | 79307-88476 |
| 18. | Smt. Kiran Bala | Member | 88148-76832 |
| 19. | Sh. Shiv Kumar | Member | 94664-20011 |
| 20. | Sh. Sachinder Kumar | Sachiv | 94660-46233 |

# हमारे आदरणीय शिक्षकवृंद



Dr. Sachinder Kumar (Principal) | Malkeet Singh (History) | Ashok Kumar (Hindi) | Komal (Hindi) | Mahesh Kumar (Maths) | Rekha Rani (English) | Jagjeet Sandhu (Psychology)



Ashok Kumar (Physics) | Anita (Comm.) | Ritu Tyagi (Chemistry) | Rekha Chhabra (Maths) | Seema Sharma (English) | Baru Ram (English) | Richa Sharma (Biology)



Manoj Kumar (Phy. Edu.) | Satish Kumar (Sanskrit) | Naresh Kumar (Pol. Sci.) | Gulshan Rani (History) | Seema Sharma (Voc. English) | Deepak Kumar (Voc. Acctt.) | Om Parkash (Hindi)



Dayawanti (Punjabi) | Mahender Pal (OSS-Hindi) | Ravinder Kumar (OSS-English) | Rajvinder Kaur (Fine Arts) | Rajbir Singh (Sociology) | Nisha (English) | Sho Nath (Lab Att.)



Shashi Arora (Economics) | Deepak Kumar (ESHM) | Shiv Kumar (Social Studies) | Yash Pal (Social Studies) | Rajesh Kumar (Hindi) | Usha Rani (Punjabi) | Rajesh Kumar (Science)



Parveen Kumar (Science) | Kirpal Singh (Social Studies) | Narender Kaur (Hindi) | Satish Kumar (Sanskrit) | Minal Sharma (Spl. Teacher) | Rajesh Kumar (Spl. Teacher) | Harjeet Singh (Drawing)



Kapil Dev (Music) | Damini (IT) | Poonam (Computer) | Hemant (Banking) | Ashok (Peon) | Ram Parkash (Mali) | Satpal (Sweeper-cum-Chowkidar)



Chanderwati (Water Women) | Roshini Coach | Sangeeta Coach



## लोगों को पौधारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं व पॉलीथीन के नुकसान के प्रति जागरूक करे : बलदेव चन्द

बाबैन (सोहन)। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाबैन के छात्र एवं छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें 50 स्वयं सेवक भाग ले रहे है। इस शिविर का शुभारंभ मार्कीट कमेटी बाबैन के चेयरमैन डा. बलदेव चन्द ने किया व अध्यक्षता गांव के सरपंच सूर्या सैनी ने की। इस सात दिवसीय शिविर के दौरान एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों द्वारा बाबैन गांव के लोगों में पौधारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता, पॉलीथीन व प्लास्टिक के उपयोग के नुकसान व बेटी बचाओं-बेटी पढाओं के महत्व के प्रति जागरुकता पैदा की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के प्राचार्य डा. सतिन्द्र कौंडा व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी सतीश शर्मा द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए डा. बलदेव चन्द ने कहा कि ऐसे शिविर लगाने से बच्चों का सर्वांगिण विकास होता है और उनमें स्वयं काम करने का आत्मविश्वास भी पैदा होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से बच्चों को एक दूसरे को समझने का एक अच्छा मौका भी मिल जाता है और वे लोगों को सामाजिक समस्याओं के प्रति भी प्रभावशाली ढंग से जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे जागरुकता रैलियां निकाल कर लोगों को पौधारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता, बेटी बचाओं-बेटी पढाओं के महत्व व पॉलीथीन व प्लास्टिक के उपयोग के नुकसानों के प्रति के लोगों में जागरुकता पैदा करें। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने समय का सदुपयोग कर इसका लाभ आम लोगों तक पहुंचाए ताकि ऐसे शिविर लगाने के उद्देश्य सार्थक हो सके। इस अवसर पर सरपंच सूर्या सैनी के अलावा प्राचार्य डा. सतिन्द्र कौंडा, एस.एम.सी. प्रधान बलविन्द्र सिंह, कराटे प्रशिक्षक राजेश शर्मा, प्राध्यापक ओमप्रकाश मेहरा तथा कई अन्य गन्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।



## समस्याओं के बारे में जागरूक करना ही राष्ट्रीय सेवा : एसडीएम

**बाबैन** | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शनिवार को समापन हुआ। इस अवसर पर लाडवा के एसडीएम अनिल यादव मुख्यातिथि रहे। उन्होंने कहा कि हमारे चारों ओर जो भी सामाजिक समस्याएं है उनका निवारण करने के अलावा लोगों को उन समस्याओं के बारे में जागरूक करना ही राष्ट्रीय सेवा है। एसडीएम ने स्वयंसेवकों से कहा कि वे भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, किसानों द्वारा पराली जलाकर पर्यावरण को प्रदूषित करना, जल की बर्बादी, अनपढ़ता, गंदगी फैलाना व पॉलिथीन व प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले नुकसानों से आमजन को जागरूक करें।